दिन—रविवार    दिनांक— 01 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से।    अवधि— 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जिला न्यायालयों को संवेदनशील बनाने पर जोर दिया। लंबित मुकदमों के निष्पादन के लिए समाधान तलाशने की अपील की।

02. राष्ट्रीय जनता दल ने देशभर में जाति आधारित गणना कराने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा ने इसे सियासी नाटक बताया।

03. पूर्व मंत्री श्याम रजक आधिकारिक रूप से जनता दल यूनाइटेड में शामिल हुए।

04. और, कटिहार, खगड़िया और भागलपुर में बाढ़ की स्थिति में हो रहा है सुधार।

———————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जिला न्यायालयों को संवेदनशील और कम खर्च पर न्याय सुलभ कराने पर जोर दिया है। नई दिल्ली में उन्होंने राष्ट्रीय जिला न्यायपालिका सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि लंबित मामलों को कम करना न्यायपालिका के लिए एक बडी चुनौती है। राष्ट्रपति ने कहा कि सभी हितधारकों को एकजुट होकर लंबित मामलों का समाधान तलाशना चाहिए। श्रीमती मुर्मू ने इस मौके पर सर्वोच्च न्यायालय के नए ध्वज और प्रतीक चिन्ह का अनावरण किया।

———————————————

राष्ट्रीय जनता दल ने देशभर में जाति आधारित गणना कराने और बिहार में विस्तारित आरक्षण के प्रावधानों को नौवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर आज सभी प्रखंड और जिला मुख्यालयों में धरना दिया। समस्तीपुर, सीतामढ़ी, शेखपुरा, मधुबनी, बक्सर समेत प्रदेशभर में आयोजित धरना में पार्टी के सांसद, विधायक और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। इधर, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने आरोप लगाया है कि जदयू और भाजपा के लोग विस्तारित आरक्षण को लागू नहीं करना चाहते हैं।

———बाईट———

———————————————

भाजपा ने राजद के विरोध प्रदर्शन को सियासी नाटक बताया है। पार्टी के प्रदेश महामंत्री शिवेश राम ने कहा कि आरक्षण को लेकर राष्ट्रीय जनता दल लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रहते आरक्षण से कभी समझौता नहीं होगा। इधर, पार्टी प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के लोग जातिगत सर्वे का श्रेय लेने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं, जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देश में सबसे पहले जाति आधारित गणना बिहार में करवाई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विस्तारित आरक्षण को लागू करने में आने वाली बाधाओं को दूर करने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

———बाईट———

————————————————————

पूर्व मंत्री श्याम रजक आज जदयू में शामिल हो गए। जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा और वरिष्ठ मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव भी मौजूद थे। इस मौके पर श्याम रजक ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीति और सिद्धांतों के प्रति विश्वास व्यक्त किया।

———बाईट———

————————————————————

जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता के. सी. त्यागी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अफाक अहमद खान ने कहा कि उनकी जगह पर राजीव रंजन प्रसाद को राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद पर मनोनीत किया गया है। इस बीच, श्री त्यागी ने कहा कि वह निराश नहीं हैं और अभी भी पार्टी के साथ हैं। उन्होंने कहा कि वह जदयू के राजनीतिक सलाहकार हैं और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति उनकी राजनीतिक प्रतिबद्धता है।

————————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा है कि पार्टी का सदस्यता अभियान देशभर में कल से शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इसके लिए व्यापक तैयारी की गयी है।

————बाईट———

————————————————————

प्रदेश के नव नियुक्त पुलिस महानिदेशक आलोक राज ने कहा है कि पुलिस व्यवस्था को मजबूत और भरोसेमंद बनाना उनकी प्राथमिकता है। मुजफ्फरपुर में पुलिस पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

———बाईट———

————————————————————

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने संघ लोक सेवा आयोग सिविल सेवा परीक्षा—दो हजार बाईस के परिणामों के संबंध में झूठे और भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए शंकर आईएएस अकादमी पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि यह कार्रवाई उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करने के लिए की गई है। मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया कि विज्ञापन ने उपभोक्ताओं के अनुचित व्यापार प्रथाओं के खिलाफ सूचित होने और सुरक्षा पाने के अधिकार का उल्लंघन किया है।

————————————————————

बाढ़ प्रभावित कई इलाकों में स्थिति में सुधार हो रहा है। लोग अपने घर की ओर लौटने लगे हैं। जिला प्रशासन राहत और बचाव कार्य के साथ स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू करने का हर संभव प्रयास कर रहा है। भागलपुर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि बाढ़ का पानी उतरने के बाद प्रशासन ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करवा रहा है। एक रिपोर्ट——

———बाईट———

वहीं, खगड़िया जिले में नदियों के जलस्तर में कमी आने से लोग राहत महसूस कर रहे हैं।

———बाईट———

खगड़िया जिला में गंगा और बूढ़ी गंडक समेत अन्य नदियों के जलस्तर में कमी आने के बाद जिन इलाकों से पानी निकल रहा है, वहां जमें पानी के दुर्गंध से फैलने वाली बीमारी को लेकर लोग जहां सहमे हैं, वहीं स्थानीय प्रशासन चौकस है। मेडिकल कैम्प लगाकर दवा का वितरण किया जा रहा है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोग ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव और राहत की मांग कर रहे हैं। फिलहाल नदियों के जलस्तर में कमी आने से नदी से सटे इलाके के लोग राहत महसूस कर हैं, वहीं, नदी के उतार चढ़ाव की प्रवृत्ति से एलर्ट भी हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन।

————————————————————

गंगा, बूढ़ी गंडक और घाघरा समेत राज्य से होकर गुजरने वाली प्रमुख नदियों के जलस्तर में उतार—चढ़ाव का सिलसिला जारी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त

जानकारी के अनुसार गंगा नदी पटना के गांधी घाट में खतरे के निशान से उनचास सेंटीमीटर और हाथीदह में अंठावन सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। नदी का जलस्तर भागलपुर के कहलगांव में लाल निशान से चौंसठ सेंटमीटर और साहेबगंज में उनचास सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। इधर, बूढी गंडक नदी खगड़िया में खतरे के निशान से इक्यानवे सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। वहीं, कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में खतरे के निशान से पंद्रह सेंटीमीटर और कटिहार के कुर्सेला में अड़सठ सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया। वहीं, सोन, पुनपुन, घाघरा और गंडक नदी के जलस्तर में गिरावट जारी है।

————————————————

कटिहार से हमारे संवाददाता ने बताया है कि बाढ़ को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है।

———बाईट———

जिले में गंगा कोसी बरंडी और कारी कोसी के जलस्तर में जहां एक और गिरावट दर्ज हुई है वही महानंदा नदी का जलस्तर फिर से एक बार बढ़ने लगा है। हालांकि बाढ़ नियंत्रण विभाग घटते बढ़ते जलस्तर को लेकर पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। फिलहाल बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में जिला प्रशासन के द्वारा लगातार जायजा लिया जा रहा है। जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने सभी बाढ़ प्रभावितों के बीच पॉलीथिन शीट वितरण करने का निर्देश दिया है। साथ ही प्रभावित गांवों के लोगों को आवागमन के लिए नाव की व्यवस्था भी कराई गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार से कुमार मुकेश चौधरी।

————————————————

प्रदेश में मौसम लगातार करवट बदल रहा है। कहीं बारिश हो रही है, तो कहीं धूप खिली हुई। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने अगले चौबीस घंटों के अपने पूर्वानुमान में बताया है कि पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण और सीतामढ़ी में भारी बारिश की आशंका है, जबकि प्रदेश के कुछ इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है।

———बाईट———

————————————————

देशभर में आज से राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जा रहा है। यह प्रतिवर्ष पहली सितंबर से सात सितंबर तक मनाया जाता है। इस वार्षिक कार्यक्रम की शुरुआत उन्नीस सौ बयासी में महिला और बाल विकास मंत्रालय के खाद्य एवं पोषण बोर्ड द्वारा की गई थी।

————————————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बेंगलुरू में नवनिर्मित वंदेभारत रेलगाड़ी के शयनयान डिब्बे– स्लीपर कोच का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि वंदेभारत शयनयान का नया संस्करण परीक्षण के लिए तैयार है और अगले तीन महीने में यात्रियों को इन नए डिब्बों का लाभ मिलने लगेगा। उन्होंने यह भी बताया कि वंदेभारत मेट्रो रेल का परीक्षण भी जारी है। स्वदेश निर्मित वंदेभारत शयनयान में यात्रियों के लिए कई सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। वंदेभारत के शयनयान संस्करण में सोलह डिब्बे और आठ सौ तिरासी सीट होंगी।

———बाईट———

हम डिजाइन कर रहे थे, वो मैन्यूफैक्चरिंग कम्पलीट हुई है। वंदे स्लीपर टेस्टिंग के लिए, ट्रायल के लिए बेंगलौर की ईएमएल की फैक्टरीज से अगले कुछ ही दिनों से निकलेंगे। लंबी जर्नी थी, कई तरह के नए फीचर्स वंदे स्लीपर में लाए गए।

————————————————————

भारतीय सूचना सेवा की वरिष्ठ अधिकारी डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने आज आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग के महानिदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया। निवर्तमान महानिदेशक मौसमी चक्रवर्ती के सेवानिवृत होने पर उन्हें इस पद पर नियुक्त किया गया है।

————————————————————

भारत और आस्ट्रेलिया की अंडर–नाईन्टिन टीम के बीच आगामी श्रृंखला के कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। दोनों टीम के बीच तीन एक दिवसीय और दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे। एक दिवसीय टीम का नेतृत्व मोहम्मद अमान करेंगे। टेस्ट मैच के लिए कप्तान सोहम पटवर्धन को चुना गया है। पहला एक दिवसीय मैच इक्कीस सितम्बर को पुद्दुचेरी में और पहला टेस्ट मैच तीस सितम्बर से चेन्नई में खेला जाएगा।

————————————————————

बेगूसराय की बरौनी रिफाइनरी में पैंसठवीं इंडियन ऑयल दिवस मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप पूर्व अधिकारी गौरी शंकर सिंह, बरौनी रिफाइनरी के कार्यकारी कार्यपालक निदेशक सत्य प्रकाश ने संयुक्त रूप से केक काटकर दिवस मनाया। इस मौके पर बड़ी संख्या में सेवानिवृत कर्मचारी भी उपस्थित थे।

————————————————————

मुंगेर जिले की जमालपुर रेल पुलिस ने ब्रह्मपुत्र मेल से निन्यानवे किलो गांजा बरामद किया।

पश्चिम चम्पारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र से पुलिस ने पांच सौ चालीस लीटर स्प्रिट जब्त की है। इस दौरान एक वाहन को भी जब्त किया गया।

मधुबनी जिले के पतौना थाना क्षेत्र के परसौनी गांव में करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई।

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जिला न्यायालयों को संवेदनशील बनाने पर जोर दिया। लंबित मुकदमों के निष्पादन के लिए समाधान तलाशने की अपील की।

02. राष्ट्रीय जनता दल ने देशभर में जाति आधारित गणना कराने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा ने इसे सियासी नाटक बताया।

03. पूर्व मंत्री श्याम रजक आधिकारिक रूप से जनता दल यूनाइटेड में शामिल हुए।

04. और, कटिहार, खगड़िया और भागलपुर में बाढ़ की स्थिति में हो रहा है सुधार।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।